सीआईएमपी : अधिकारियों को डाटा विश्लेषण बताया जाएगा

पटना | चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआईएमपी) में गुरुवार को तीन दिवसीय आवासीय प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम (एमडीपी) शुरू हुआ। यह कार्यक्रम 9 से 11 जनवरी तक चलेगा। राज्य के योजना एवं विकास विभाग के सहयोग और नीति आयोग के राज्य समर्थन मिशन के तहत आयोजन हो रहा है। इसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों को डाटा विश्लेषण और निर्णय क्षमता बेहतर बनाना है। इसमें योजना एवं विकास विभाग के 25 अधिकारी भाग ले रहे हैं। पाठ्यक्रम में डाटा वर्गीकरण और क्लस्टरिंग, निर्णय लेने की क्षमता में सुधार की तकनीक, डाटा को ग्राफ और चार्ट से प्रस्तुत करना आदि के बारे में बताया जाएगा। 11 जनवरी को समापन पर प्रमाणपत्र दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र में सीआईएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. अंकित शर्मा मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar ! Page.NO-11 ! Dated:10-01-2025